हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 8 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

4
सर्जिकल स्ट्राइक : चखना सेंटर तोड़ा
गांधीगंज से ओवरब्रिज तक हटाया कब्जा





बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

## अत्याचारी गुरूजी : सीढ़ी चढ़ने पर नर्सरी के छात्र को बेरहमी से पीटा, उभर आए निशान, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

■ आनंद मार्ग स्कूल में सामने आई शिक्षक की हैवानियत, परिजनों ने दर्ज कराई एफआईआर

रायगढ़ के आनंद मार्ग स्कूल से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जिसने शहर के अभिभावकों और आम नागरिकों को झकझोर कर रख दिया है। नर्सरी में पढ़ने वाले एक मासूम छात्र को स्कूल में पढ़ाने वाले शिक्षक आकाश सेठ ने इतनी बेरहमी से पीटा कि उसकी पीठ पर गहरे चोटों के निशान उभर आए। घटना के बाद परिजनों ने चक्रधर नगर थाने में शिकायत दर्ज कराईए जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया है। मासूम के परिजनों ने बताया कि सोमवार दोपहर करीब 12 बजे जब वे स्कूल से बच्चों को घर लेकर लौटे और कपड़े बदलवा, तब उन्हें छोटे बेटे की पीठ पर गंभीर चोटों के निशान दिखाई दिए। इस पर जब पूछताछ की गई तो बच्चे ने बताया कि उसे स्कूल में टीचर ने मारा है। परिजनों के अनुसार, नर्सरी में पढ़ने वाले बच्चे की कोई गलती नहीं थ। वह केवल स्कूल की सीढ़ियों पर चढ़ रहा था, इसी बात पर शिक्षक आकाश सेठ भड़क गया और बिना किसी चेतावनी के उसे पीटना शुरू कर दिया। घटना से आहत परिजनों का कहना है कि उनका बच्चा अब मानसिक रूप से डरा हुआ है और स्कूल का नाम सुनते ही सहम जाता है। हम अपने बच्चों को शिक्षा के लिए स्कूल भेजते हैं, ना कि प्रताड़ना और डर के लिए। बिना किसी गलती के इतने छोटे बच्चे को मारना अमानवीय और अस्वीकार्य है। हम चाहते हैं कि ऐसे शिक्षकों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई हो ताकि भविष्य में कोई और मासूम इसका शिकार न बने।



### पुलिस ने आरोपी शिक्षक को किया गिरफ्तार

इस मामले में चक्रधर नगर थाना प्रभारी बसंत देवांगन ने बताया कि परिजनों की शिकायत पर तत्काल कार्रवाई की गई। एक अभिभावक द्वारा शिकायत दी गई थी कि उनके बच्चे के शरीर पर चोट के निशान हैं। प्राथमिक जांच के बाद आरोपी शिक्षक आकाश सेठ को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले की विस्तृत जांच जारी है और दोषी पाए जाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### सवालों के घेरे में स्कूल प्रबंधन की भूमिका

इस घटना ने स्कूल प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। परिजनों का आरोप है कि घटना के बाद स्कूल की ओर से न तो कोई जानकारी दी गईए न ही माफी माँगी गई। फिलहाल स्कूल प्रशासन की तरफ से इस पूरे मामले पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। वहीं, घटना सामने आने के बाद अभिभावकों में भय और आक्रोश का माहौल है।

## खबर संक्षेप

### 13 एजेंडों के साथ आज होगी सामान्य सभा

**रायगढ़।** मंगलवार को नगर निगम के सभाकक्ष में 13 एजेंडों के साथ सामान्य सभा बुलाई गई है। इन एजेंडों में शहर विकास के मुद्दे शामिल है। कुछ दिन पहले ही महापौर द्वारा पार्षदों से सुझाव मांगा गया था। जुझाव मिलने के बाद उसे एजेंडो में शामिल किया गया है। हालांकि विपक्ष द्वारा इस सामान्य सभा में शहर सरकार को घेरने की तैयारी है।

### धारदार हथियार से हमला आरोपी पुलिस गिरफ्त में

**चाम्पा।** धारदार हथियार से हमला करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को 7 माह बाद गिरफ्तार किया गया है। आरोपी लगातार जगह बदलकर रह रहा था। मामला चाम्पा थाने के पुराने कालेज रोड का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कंवरपारा चाम्पा निवासी दिनेश केवट ने रिर्पोट दर्ज कराया कि वह अपने दोस्तो के साथ पिकनिक मनाने के लिए चाम्पा स्थित हनुमान धारा के पास गया हुआ था। इस दौरान राजा साहू के द्वारा दिनेश केवट को पानी लाने के लिए कहा गया। इस बीच प्रार्थी के द्वारा पानी लाने के लिए मना करने पर गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देकर पहले तो हाथ मुक्के से मारपीट किया। इसके बाद धारदार हथियार हमला कर दिया गया, जिसके चलते उसे गंभीर चोट आई मौके को देखते हुए साथ में बैठे दोस्तों के द्वारा बीच बचाव किया गया। मामले की रिर्पोट दिनेश ने चाम्पा थाने में दर्ज कराई थी। इस घटना को लेकर आरोपी राजा के खिलाफ अपराध कायम किया गया था। इस मामले में आरोपी को सात महीने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया है। इस कार्रवाई में चांपा निरीक्षक जयप्रकाश गुप्ता, प्रधान आरक्षक नरसिंग बर्मन, आरक्षक वीरेन्द्र सिंह, मुद्रिका दुबे सहित थाना स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

### बीच सड़क पर वाहन खड़ा करने वाले चालकों पर कार्रवाई

**जांजगीर-चाम्पा।** बीच सड़क पर भारी वाहन खडा करने के मामले में पुलिस ने 5 ट्रेलर चालकों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए अपराध कायम कर लिया है। उक्त चालकों के खिलाफ पुलिस ने विभिन्न धाराओ के तहत अपराध कायम कर लिया है। मामला जांजगीर एवं अकलतरा क्षेत्र का है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सड़क दुर्घटना में कमी लाने के उदेश्य से हाइवे प्रेट्रोलिंग वाहन के द्वारा नेशनल हाइवे रोड में लगातार पेट्रोलिंग की जा रही है।

### प्रेम प्रसंग भी एक कारण, समय पर अस्पताल पहुंचने से बच रही जान

# नशा और डिप्रेशन : 4 साल में 1850 लोगों ने खाया जहर, 100 की मौत..!

हरिभूमि न्यूज ⏭ जितेन्द्र मेहर



हरिभूमि एक्सक्लूसिव

जिले में जहर खुरानी के मामले लगातार बढ़ते ही जा रहे हैं। 4 साल में करीब 1850 लोगों ने जहर का सेवन किया है, जिसमें 100 लोगों की मौत हो गई है। एक्सपर्ट इसका मुख्य कारण नशा, डिप्रेशन और घर में कीटनाशक की उपलब्धता को बता रहे हैं। हालांकि प्रेम प्रसंग भी इसका एक जरिया माना जा रहा है, लेकिन समय पर अस्पताल पहुंचने से मौत के आंकड़े केस की तुलना में नियंत्रण पर हैं।

जिले में जहर खाने वालों के आंकड़ों में लगातार इजाफा होता जा रहा है। देखा जाए तो हर दूसरे दिन एक व्यक्ति जहर का सेवन कर रहा है। इसमें जो व्यक्ति बच जाता है, उसमें से अधिकांश लोग नशे में लड़ाई-झगड़ा के कारण डिप्रेशन में धोखे से जहर खाने की बात कहते हैं। जबकि कई लोग प्रेम प्रसंग व छोटी-मोटी घरेलू बातों पर जहर का सेवन कर लेते हैं। ज्यादातर ऐसी घटनाएं कृषक घरानों में देखने को मिलता है, क्योंकि इनके घरों में कीटनाशक की उपलब्धता रहती है। खास बात यह है कि समय रहते परिजनों को पीड़ितों के जहरखुरानी का पता चलता है तो उसे तत्काल अस्पताल पहुंचा कर उनकी जान बचा ली जाती है, वहीं अगर जहरखुरानी के शिकार लोगों को उपचार मिलने में देरी होती है तो डॉक्टरों के लिए भी उनका जान बचाना मुश्किल हो जाता है। 20 प्रतिशत लोग जहर खाने का कारण किसी रंजिश या पारिवारिक विवाद को बताते हैं। कुछ सालों से यह सिलसिला कुछ अधिक ही तेजगति से आगे बढ़ रहा है। जिसमें छोटी-छोटी बातों पर भी लोग जहर खाने को मजबूर हो जा रहे हैं। वर्ष 2022 से जून 2025 तक 1836 लोगों ने जहर का सेवन किया है, जिसमें करीब 97 लोगों की मौत हुई है। अच्छी बात यह है कि मौत का आंकड़ा इसलिए कम है क्योंकि जहर के शिकार लोगों को समय पर अस्पताल पहुंचा दिया गया है।

### एक्सपर्ट व्यू
**डॉ राजेश अजगल्ले, मनोचिकित्सक**

इस संबंध में शहर के प्रतिष्ठित मनोचिकित्सक डॉ राजेश अजगल्ले से बात की गई तो उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में शराब की खपत अधिक होती है। आर्थिक रूप से परेशान गरीब वर्ग के पुरूष हर रात काम करने के बाद गम भुलाने शराब का सेवन करते हैं, इसके बाद उनके घर में कलह होना तय हो जाता है, जिससे वो आत्महत्या की सोचते हैं। इसके अलावा हर किसान भी खेती, पारिवार, बैंक लोन को लेकर परेशान रहता है। खास बात यह है कि कृषकों के घर में कीटनाशक की उपलब्धता रहती है तो वो नशे में बिना सोचे इसका सेवन कर लेते हैं। इसके अलावा अगर बच्चों को परिवार वाले किसी बात पर डांट दें तो वो भी आसानी से घर से कीटनाशक निकाल कर पी लेते हैं, क्योंकि सोशल मीडिया में जहर खुरानी की खबरों को पढ़ कर वो प्रेरित होते हैं। ऐसे में लोगों को इस प्रति भी जागरूक होना जरूरी हो गया है।

### मेडिकल कॉलेज में जहर खुरानी के आंकड़े

| साल | केस | मौत |
|---|---|---|
| 2022 | 535 | 49 |
| 2023 | 481 | 22 |
| 2024 | 558 | 19 |
| 2025 | 262 | 7 |
| टोटल | 1836 | 97 |

### 4 घंटे में अस्पताल पहुंचना जरूरी

मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर्स की मानें तो उनके यहां आए दिन जहर खुरानी के केस आ रहे हैं। अधिकांश लोग नशे की लत के कारण जहर खा रहे हैं। आदत से मजबूर लोग जब नशा करके घर जाते हैं और परिवार के लोगों ने उन्हें कुछ कह दिया तो बहस होने लगती है। इसके बाद वो आत्मघाती कदम उठा लेते है, इसमें से कुछ बच जाते हैं तो कुछ की मौत हो जाती है। डॉक्टरों का कहना है कि जहर खुरानी के शिकार लोगों को 4 घंटे के अंदर अस्पताल पहुंचाना जरूरी होता है, क्योंकि इससे उनके जीने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। वहीं कई बार लोग अस्पताल के बजाय पीड़ितों को वैद्य के पास लेकर जाते हैं और अस्पताल तक पहुंचने में समय अधिक हो जाता है तो उनके बचने की संभावनाएं भी कम हो जाती है।

### जहर खाने का मुख्य कारण नशा

लोग क्यों जहर खा रहे हैं यह पूछने पर एक्सपर्ट डॉक्टर ने मुख्य कारण नशे को बताया। उनकी मानें तो शुरूआत में लोगों को कुछ भी नशा अच्छा लगता है, लेकिन बाद में नशे के आदी होने के बाद वो डिप्रेशन के शिकार हो जाते हैं। ऐसे में किसी की कटु बात भी उनको असहनीय महसूस होती है और वो मामूली बात पर भी जहारीली पदार्थ का सेवन कर लेते हैं। बहुत कम केस ऐसे आते हैं जिसमें लोग फाइनेंशियल प्रॉब्लम या फिर अन्य किसी तनाव से परेशान होकर खुदकुशी करने के लिए जहर पीते हैं।

### महिलाएं और युवतियां भी पीछे नहीं

सुसाइड के जितने भी मामले सामने आते हैं उसमें ज्यादातर केस महिलाओं और युवतियों के रहते हैं। एक्सपर्ट की मानें तो पूरे घर की जिम्मेदारी महिलाओं के उपर होती है, बच्चों के लालन-पालन से लेकर पति, सास, ससूर, देवर ननंद सबका मान-सम्मान, घर की जिम्मेदारी उनके ही जिम्मे रहती है। इसी बीच अगर किसी के व्यवहार से उनको ठेस पहुंचती है तो ऐसे आत्मघाती कदम उठाने में वो जरा भी नहीं सोचती। इसी तरह युवतियां भी प्रेम प्रसंग के चक्कर में पड़ कर बिना किसी की परवाह किए जहर का सेवन कर लेती हैं। आए दिन अखबारों में ऐसे मामले देखने को मिलते हैं।



## चक्रधर नगर मार्ग पर लगाया गया हाई क्वालिटी कैमरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे सीसीटीवी जागरूकता अभियान में लगातार शहरवासियों की सहभागिता बढ़ती जा रही है। इसी कड़ी में चक्रधरनगर चौक स्थित ओम ज्वेलर्स के संचालक नटवर अग्रवाल ने पुलिस के आह्वान पर मुख्य मार्ग पर हाई क्वालिटी पीटीजेड सीसीटीवी कैमरा स्थापित किया है।

श्री अग्रवाल ने बताया कि कुछ समय पूर्व उनके दुकान के बाहर स्नैचिंग की एक घटना हुई थी, जिससे उन्हें सीसीटीवी कैमरे की उपयोगिता का गंभीरता से एहसास हुआ। इसके बाद उन्होंने अपने घर और दुकान के भीतर-बाहर सीसीटीवी कैमरे लगवाए, साथ ही मुख्य सड़क को कवर करते हुए आधुनिक पीटीजेड कैमरा भी लगाया है, जो दिन-रात निगरानी में रहता है। उन्होंने कहा कि वे अब अपने घर से भी अपने प्रतिष्ठान की निगरानी कर पाते हैं, जिससे सुरक्षा का विश्वास बढ़ा है। साथ ही, किसी भी आपराधिक घटना की जांच में सीसीटीवी फुटेज पुलिस के लिए बेहद मददगार साबित होते हैं। रायगढ़ पुलिस ने सभी शहरवासियों से अपील की है कि वे अपने प्रतिष्ठान, घर, संस्थानों एवं मुख्य मार्गों पर सीसीटीवी कैमरे जरूर लगवाएं और विशेष रूप से एक-दो कैमरे सड़क पर फोकस करें, ताकि पूरे शहर की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हो और अपराधों पर नियंत्रण पाया जा सके। पुलिस द्वारा अगस्त माह में अभियान से जुड़ने वाले जागरूक नागरिकों का सम्मान समारोह भी आयोजित किया जाएगा।

### घटना से ली सबक

ज्ञात हो कि पिछले साल ओम ज्वेलर्स में उठाईगिरी की घटना घटित हुई थी। दुकान की दो महिला स्टॉफ ज्वेलरी से भरे बैग को लेकर संचालक के घर जा रही थीं तभी बाइक सवार अज्ञात युवक जेवरात से भरे बैग को लेकर फरार हो गए थे। इस घटना के बाद पूरे रायगढ़ की पुलिस ने आरोपियों के पतासाजी के लिए पूरी ताकत झोंक दी, इसके बाद अब तक आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। ऐसे में ज्वेलर्स के संचालक ने अपने और आसपास कोै सेफ्टी के लिए यह हाई क्वालिटी वाला कैमरा लगाया है।

## जाली ऋण पुस्तिका बनाकर जमानत कराने वाले गिरोह का पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



घरघोड़ा पुलिस ने न्यायालय में जमानत दिलाने के नाम पर कूटरचित दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पट्टाधारी और उसके साथी दलाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपियों द्वारा किसान ऋण पुस्तिका के पन्नों में कांटछांट कर पुराने पन्ने हटाकर कोरा पन्ना लगाने की साजिश के तहत आरोपी बदल-बदलकर बार-बार अवैधानिक तरीके से जमानत कराने का खेल खेला जा रहा था, जिसे कोर्ट स्टाफ और न्यायाधीश की सतर्कता से पकड़ लिया गया।

जानकारी के अनुसार प्रशांत कुमार सिंह, जो न्यायालय प्रथम श्रेणी घरघोड़ा में बाबू के पद पर कार्यरत हैं उनके द्वारा 5 जुलाई को थाना घरघोड़ा में शिकायत दी गई। शिकायत में बताया गया कि थाना पूंजीपथरा के मामले में जमानतदार पद्मलोचन साव निवासी ग्राम कोतासुरा द्वारा अपनी किसान ऋण पुस्तिका क्रमांक 2925098 प्रस्तुत कर आरोपी तौहिद खान की जमानत ली गई थी, लेकिन कुछ ही दिन बाद उसी किसान किताब का पृष्ठ बदलकर कोरा पन्ना जोड़कर आरोपी कौशिल्या बाई के जमानत के लिए फिर से वही दस्तावेज न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जिसकी जांच में किताब से पुराने जमानत इंद्राज वाले पृष्ठ गायब मिले। कोर्ट स्टाफ ने जब दस्तावेज खंगाले तो पाया गया कि किताब में जानबूझकर हेराफेरी की गई है। इस पर जमानतदार पद्मलोचन साव से पूछताछ की गई, पर वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। मामले में आरोपी पद्मलोचन साव और उसके साथी जगन्नाथ कसेरा के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच में खुलासा हुआ कि पट्टाधारी पद्मलोचन साव के नाम पर ग्राम सूरी, तहसील पुसौर में स्थित भूमि की ऋण पुस्तिका है, जिसे जगन्नाथ कसेरा नामक दलाल के साथ मिलकर दोनों जमानत कराने के लिए बार-बार इस्तेमाल करते थे। इस दौरान दोनों आरोपी ऋण पुस्तिका में पुराना जमानत लेख वाला पृष्ठ निकालकर नया कोरा पृष्ठ जोड़ते और दस्तावेज को वैध बताकर न्यायालय में पेश कर देते थे। इस कार्य के बदले आरोपी दलाल जगन्नाथ कसेरा मोटी रकम वसूलता था, जिसे दोनों आपस में बांटते थे। गत 6 जून को भी इन्हीं दस्तावेजों में गड़बड़ी कर आरोपी कौशिल्या बाई की जमानत कराने की कोशिश की गई, लेकिन कोर्ट स्टाफ और न्यायाधीश दामोदर प्रसाद चंद्रा द्वारा सतर्कता दिखाते हुए जालसाजी पकड़ ली गई। घरघोड़ा पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें दोनों ने अपना अपराध कबूल किया। आरोपी पद्मलोचन साव के पास से कूटरचित ऋण पुस्तिका जब्त की गई है। पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर दोनों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### रेत का अवैध परिवहन करते जेसीबी और 3 ट्रैक्टर जब्त

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे के निर्देश पर तहसीलदार कोमल साहू के द्वारा अवैध रूप से डंप किये रेत को जेसीबी से लोड करके इच्छापुर ओडिशा ले जा रहे जेसीबी समेत 3 ट्रैक्टर ओड़शिा आरटीओ का नंबर को जब्त कर थाना प्रभारी सरिया के सुपुर्द किया गया है। अपेक्स बैंक सरिया के पास कॉलेज के सामने रेत का अवैध रूप से पहले डंप करके रखा गया था, जिसका विगत 5-7 दिनों से ओडिशा की जेसीबी और ट्रैक्टर द्वारा अवैध परिवहन किया जा रहा था। अब इन गाड़ियों को आगे की कार्यवाही हेतु कार्यालय कलेक्टर सारंगढ़ बिलाईगढ़ के माइनिंग शाखा को प्रतिवेदन प्रेषित किया जाएगा।

### धरमजयगढ़ क्षेत्र में जल जीवन मिशन का बुरा हाल, बारिश में भी पानी के लिए तरह रहे ग्रामीण

# मेडरमार में टंकियां बनी शो-पीस, बारिश में पानी के लिए हाहाकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




धरमजयगढ़ के मेडरमार में जल जीवन मिशन योजना के तहत बनाई गई पानी टंकियां शो-पीस बन कर रह गई हैं। टंकियों से पानी सप्लाई नहीं होने से बारिश में भी लोगों को पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। जिससे लोग सरकार की इस योजना को कोस रहे हैं।

दरअसल सरकार द्वारा जल जीवन मिशन योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में पानी टंकियां बनवाई गई है, ताकि ग्रामीणों को पीने के लिए शुद्ध पेयजल मिल सके, लेकिन धरमजयगढ़ विकासखण्ड में इस योजना में ग्रहण लग गया है। यहां अगर जल जीवन मिशन योजना की बात करें तो यह 90 प्रतिशत फेल है। विकासखण्ड में एक-दो गांवों में ही इस योजना के तहत पानी सप्लाई हो रही है। ठेकेदार, अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर घटिया निर्माण को अंजाम दे रहे हैं, जिसका नतीजा यह है कि पानी टंकी चालू नहीं हो पा रहा है। हम बात कर रहे हैं विकासखण्ड मुख्यालय से चंद दूरी पर बसा ग्राम मेडरमार की। बायसी कॉलोनी पंचायत का अश्रित ग्राम मेडरमार कॉलोनी में जल जीवन मिशन के तहत एक पानी टंकी का निर्माण वर्षों पहले पीएचई विभाग के ठेकेदार द्वारा किया गया है। ठेकेदार द्वारा हर घर में नल कनेक्शन भी पहुंचा दिया गया है, लेकिन नल से पानी नहीं निकलता है। जिससे नाराज ग्रामीण अब नल कनेक्शन को उखाड़ फेंक रहे हैं। ठेकेदार द्वारा किए गए घटिया निर्माण की पोल उस समय खुल गई जब पानी टंकी निर्माण पूरा होने के बाद चेक करने के लिए टंकी में पानी भरा गया। पानी भरते ही टंकी के नीचे से भरभरा कर पानी गिरने लगा। घटिया पानी टंकी बनने के कारण ही मेडरमार कॉलोनी वासियों को जल जीवन मिशन योजना का लाभ नहीं मिल रहा है।

### ठेकेदार को बचाने की कोशिश

ठेकेदार द्वारा बनाए गए घटिया पानी टंकी की जानकारी पीएचई विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को होने के बाद भी ठेकेदार पर कार्रवाई नहीं की जाती, बल्कि अधिकारियों द्वारा उसे बचाने का प्रयास किया जाता है। यही कारण है कि इस गांव में लोगों को जल जीवन मिशन योजना के तहत पानी नहीं मिल पा रहा है और ठेकेदार सहित जिम्मेदार मलाई खा रहे हैं।

## 10 को बनोरा स्थित अघोर गुरु पीठ में गुरु पूर्णिमा महोत्सव




**रायगढ़।** बनोरा स्थित अघोर गुरु पीठ ब्रम्हनिष्ठालय में 10 जुलाई गुरुवार को गुरु पूर्णिमा महोत्सव होगा। इस दिन विशेष पर देश भर के विभिन्न राज्यों सहित सामाजिक धार्मिक व्यापारिक प्रशासनिक राजनीति मीडिया से जुड़े शिष्य औघड़ संत पूज्य पाद बाबा प्रियदर्शी राम जी का आशीर्वाद लेंगे। एक दिन पूर्व 9 जुलाई बुधवार को आश्रम परिसर मे श्रम दान के जरिए साफ सफाई होगी। अगले दिन गुरुवार को प्रातः 7:00 बजे शक्तिपीठ ध्वज पूजन सफल योनि पाठ, प्रातः 7:30 बजे गुरुचरण पादुका पूजन एवं हवनए प्रातः 8:30 बजे सामूहिक आरती, प्रातः 9:00 बजे गुरूगीता का सामूहिक पाठ का आयोजन होगा। बाबा प्रियदर्शी राम जी प्रातः 9:15 से अपराह्न 12:30 तक गुरु दर्शन हेतु रहेंगे। अपराह्न 12:00 बजे से 4:15 बजे तक सामूहिक प्रसाद वितरण होगा। सायं 4:45 बजे अघोर पंथी गुरु प्रियदर्शी राम के श्री मुख से सत्संग के अमृत वर्षा का लाभ ले सकेंगे।




## तन्वी द ग्रेट को राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में मिला स्टैंडिंग ओवेशन

**मुंबई।** अनुपम खेर अपनी अपकमिंग फिल्म तन्वी द ग्रेट की रिलीज को लेकर तैयार हैं। इससे पहले इस फिल्म ने काफी सुर्खियां बटोरी हैं। इस फिल्म की पुणे के 'राष्ट्रीय रक्षा अकादमी' में स्पेशल स्क्रीनिंग हुई। फिल्म को 25,00 कैडेट्स और अधिकारियों ने स्टैंडिंग ओवेशन दिया। यह देखकर अनुपम खेर भावुक हो गए। अनुपम खेर ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा 'ये मेरी जिंदगी का सबसे यादगार लम्हा है। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में तन्वी द ग्रेट को स्टैंडिंग ओवेशन मिला। एक अभिनेता/ कलाकार के रूप में मेरे 40 साल के करियर में यह मेरी जिंदगी का सबसे यादगार लम्हा है! भारत में यह तन्वी द ग्रेट की पहली स्क्रीनिंग है।

लाइफ Style

# जरीन

## किसी सपने के सच होने जैसा

एजेंसी ⏭ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस जरीन खान हाल ही में सोशल मीडिया पर अपने पुराने पलों को याद करते हुए काफी इमोशनल हो गई हैं। हाल ही में उन्होंने एक थ्रोबैक वीडियो शेयर किया जिसमें वो कैटरीना कैफ से ऑटोग्राफ लेते हुए नजर आ रही हैं।

ये वीडियो फिल्म 'रेस' की प्रीमियर नाइट का है, जब जरीन इंडस्ट्री का हिस्सा भी नहीं थीं। वीडियो के साथ उन्होंने एक दिल छू लेने वाला कैप्शन भी लिखा है जिसने उनके फैंस को भी इमोशनल कर दिया। वीडियो में जरीन को कैटरीना कैफ से मिलते हुए देखा जा सकता है। वो बेहद खुश नजर आ रही हैं और उनके चेहरे पर एक मासूम सी मुस्कान है। पोस्ट में जरीन ने लिखा कि वो उस वक्त बस एक आम लड़की थीं, जो बॉलीवुड की चमक-दमक से प्रभावित थीं और उन्हें ये भी नहीं पता था कि एक दिन वह खुद भी इसी इंडस्ट्री का हिस्सा बनेंगी। उन्होंने लिखा कि उस समय उनके एक दोस्त की बदौलत उन्हें प्रीमियर में जाने का मौका मिला और वही लम्हा आज भी उनके दिल में बसा हुआ है। जरीन ने लिखा कि उस वक्त वो कैटरीना कैफ की दीवानी थीं और उन्हें देखकर उनकी आंखों में एक अलग ही चमक थी। उन्होंने कहा कि उन्हें आज भी वो पल याद है जब उन्होंने पहली बार कैटरीना को सामने से देखा था – वो पल उनके लिए किसी सपने के सच होने जैसा था। ज़रीन ने अपने पोस्ट में यह भी माना कि उस समय कैटरीना को देखकर उन्हें खुद में आत्मविश्वास आया और एक सपना जन्मा।



हॉलीवुड मसाला



## रिचर्ड ने दलाई लामा का हाथ चूमा

**मुंबई।** इन दिनों दलाई लामा का 90वां जन्मदिन समारोह धर्मशाला में चल रहा है। इस मौके पर अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़े नामी लोग समारोह में शामिल हो रहे हैं। हॉलीवुड एक्टर रिचर्ड गेरे भी इस खास आयोजन में शामिल हुए। वीडियो में रिचर्ड गेरे दलाई लामा को देखकर खुश और भावुक नजर आए। वह दलाई लामा के करीब जाते हैं और उनका हाथ थामकर चूमते हैं। दलाई लामा भी रिचर्ड को आशीर्वाद देते हैं। थोड़ी देर दोनों बातचीत करते हैं।




## जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ को मिला वीकएंड का फायदा

**मुंबई।** हॉलीवुड की फिल्म 'जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ' ने भारत में अच्छी शुरुआत की है। ओपनिंग डे पर इस फिल्म ने नौ करोड़ रुपए का कारोबार किया था। दूसरे दिन फिल्म को वीकएंड का फायदा हुआ। फिल्म ने शनिवार को 13 करोड़ रुपए का कारोबार किया है। फिल्म ने अब तक 22.01 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है। यह फिल्म 'जुरासिक पार्क' फ्रैंचाइज की 7वीं और 'जुरासिक वर्ल्ड' सीरीज की चौथी फिल्म है। चार जुलाई को रिलीज हुई यह फिल्म आपको डायनासोर की दुनिया की सैर कराती है। वहीं, हॉलीवुड की फिल्म 'एफ 1' भारत के बॉक्स ऑफिस पर पकड़ बनाए हुए है। 27 जून को रिलीज हुई इस फिल्म ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 5.5 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया।



## विदेश में भी दिखीं फैंस की दीवानगी

**मुंबई।** रश्मिका मंदाना के भारतीय फैंस उन्हें नेशनल क्रश मानते हैं। साउथ से लेकर बॉलीवुड तक की चर्चित फिल्मों में काम कर चुकीं रश्मिका हाल ही में पेरिस में नजर आईं। एक्ट्रेस का पेरिस ट्रिप का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें फैंस रश्मिका को लेकर अपनी दीवानगी दिखा रहे हैं। सोशल मीडिया पर रश्मिका का जो वीडियो वायरल हो रहा है। उसमें रश्मिका के कुछ फैंस उनकी फोटो ले रहे हैं। एक्ट्रेस के नाम का ले रहे हैं। कई फैंस- 'लव यू रश्मिका' भी कहते थे। इस प्यार को देखकर रश्मिका का चेहरा भी खिल उठा। वायरल वीडियो में फैंस की दीवानगी देखकर रश्मिका ने भी उन पर प्यार लुटाया। हाथों से हार्ट साइन बनाया। वह फैंस से मिले प्यार, अपनेपन के लिए शुक्रिया कहती भी दिखीं।



## रणबीर सिंह के लुक के दीवाने हुए फैंस

**मुंबई।** रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर का टीजर धमाका कर रहा है। एक्टर को इस लुक और अंदाज में देख कर फैंस पसंद कर रहे हैं। फिल्म में रणवीर को काला कुर्ता पहने हुए गुंडों की पिटाई करते हुए देखा जा रहा है। आदित्य धर के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म को असली कहानी से इंस्पायर्ड बताया गया है। धुरंधर में संजय दत्त, अक्षय खन्ना, आर माधवन, अर्जुन रामपाल जैसे और भी एक्टर्स नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर इस फिल्म की पहली झलक को शानदार रिएक्शन मिल रहा है। रणवीर सिंह ने धुरंधर का टीजर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। एक्टर के बर्थडे पर आया ये टीजर फैंस के साथ इंडस्ट्री के लोगों के लिए ट्रीट है। मौनी रॉय, अपारशक्ति खुराना, आयुष्मान खुराना, रणवीर इलाहाबादिया समेत कई सेलेब्रिटीज ने रिएक्शन दिया है।

टीवी मसाला



## डांस कॉम्पिटिशन में अनुपमा का साथ देने को तैयार हुईं चॉल की महिलाएं...

**नई दिल्ली।** रुपाली गांगुली अभिनीत सीरियल 'अनुपमा'में मौजूदा ट्रैक कई तरह के उतार-चढ़ावों से भरा है। सीरियल की लीड कैरेक्टर अनुपमा एक डांस कॉम्पिटिशन जीतना चाहती है। इसके लिए उसने मुंबई की चॉल में रहने वाली महिलाओं को भी राजी कर लिया। मगर, डांस कॉम्पिटिशन की प्रैक्टिस के दौरान अनुपमा के सामने एक बड़ी समस्या आकर खड़ी हो गई। स्टारप्लस के इंस्टाग्राम पेज पर सीरियल 'अनुपमा' का एक प्रोमो साझा किया गया है। इस प्रोमो में अनुपमा का साथ देने के लिए चॉल की महिला राजी हो जाती हैं। मगर जब वह डांस प्रैक्टिस करती हैं, तो उन्हें यह काम मुश्किल लगता है। एक महिला कहती है, 'शायद उनसे डांस नहीं हो पाएगा?' इस पर अनुपमा सबका हौसला बढ़ाती है, सब्र से काम लेने को कहती है। आगे प्रोमो में अनुपमा एक महिला के बारे में पूछती है कि वह क्यों डांस कॉम्पिटिशन में नहीं आई? इस पर अन्य चॉल की महिलाएं बताती हैं कि उस महिला की सास बहुत कठोर है, उसको सताती है। साथ ही उसका पति से उसे परेशान करता है। ऐसे में अनुपमा उस परेशान महिला के घर उससे मिलने जाती है। जब अनुपमा उस महिला के घर पहुंचती है तो देखती है कि उसके हाथ में चोट के निशान हैं। इस पर अनुपमा उसे अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने के लिए कहती है।

### कपिल ने घटाया वजन, लोगों को नहीं आया पसंद

**नई दिल्ली।** कपिल शर्मा इन दिनों काफी बदले-बदले से नजर आ रहे हैं। इस कॉमेडियन ने अपनी फिटनेस पर काफी ध्यान दिया है। काफी वजन भी कपिल शर्मा कम कर चुके हैं। मग,र सोशल मीडिया यूजर्स को कपिल का बदला हुआ लुक पसंद नहीं आया है। कपिल के कम हुए वजन पर कई यूजर्स तंज कस रहे हैं। कपिल को वेट लॉस के लिए ट्रोल कर रहे हैं। हाल ही में कपिल शर्मा का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें वह एयरपोर्ट पर नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में वह काफी पतले नजर आए। इसी वीडियो को देखकर कई यूजर्स ने कमेंट किए हैं। एक यूजर लिखता है, 'ये तो बीमार लग रहे हैं।' एक अन्य यूजर ने लिखा, 'ओजेम्पिक का कमाल है (वजन कम करने वाली दवा)।' एक अन्य यूजर ने लिखा, 'भाई तो कमजोर हो गया है।'इसी तरह के कमेंट कपिल के वेट लॉस को लेकर यूजर्स ने किए हैं। कपिल शर्मा ने काफी मेहनत से अपना वजन कम किया है। वह लगभग 10 किलो वजन घटा चुके हैं। अपने इंस्टाग्राम पेज पर अक्सर ही कपिल, रनिंग की वीडियो शेयर करते थे।



## शापित कहलाती थी ये हॉरर फिल्म! ट्रेलर था सिनेमाघरों में बैन

**नई दिल्ली।** हॉरर फिल्में महज तीन घंटे का एंटरटेनमेंट नहीं होता। कई बार फिल्म का खौफ दर्शकों के थ्रिल चढ़ कर बोलने लगता है। कई हॉरर फिल्मों से जुड़े ऐसे किस्से हैं जिसमें दर्शक कई दिनों तक डरे और सहमे रहे. कुछ को थेरेपी तक की जरूरत पड़ गई। ऐसी ही एक फिल्म है जिसे शापित मूवी तक कह दिया गया था। ऐसी ही हॉरर फिल्मों की बात करें तो द एग्जोरसिस्ट का नाम सबसे पहले लिया जाता है। 1973 में रिलीज हुई इस फिल्म को अब भी सबसे डरावनी फिल्मों में गिना जाता है। लेकिन, इस फिल्म की डरावनी कहानी के साथ ही इसके पीछे भी कई खौफनाक किस्से जुड़े हुए हैं।

***डरावना था ट्रेलर*** : इस फिल्म का ओरिजिनल टीजर ट्रेलर भी किसी फिल्म से कम डरावना नहीं था। ट्रेलर में सिर्फ एक सफेद चेहरे वाला भूत अंधेरे में झलकता था। ट्रेलर में कोई कहानी नहीं दिखाई गई, बस अंधेरे और भूत की झलक भर दिखाई गई थी, जो लोगों के रोंगटे खड़े कर देती थी। यही वजह थी कि कई सिनेमाघरों ने इस ट्रेलर को बहुत ज्यादा डरावना मानते हुए बैन कर दिया था।


***एक्ट्रेस को मिली थीं जान से मारने की धमकियां*** : इस फिल्म में लिंडा ब्लेयर ने मुख्य किरदार निभाया था। लेकिन, फिल्म के रिलीज होने के बाद उनके लिए मुश्किलें बढ़ गईं। धार्मिक कट्टरपंथियों ने फिल्म पर शैतान की महिमा गान करने का आरोप लगाया और लिंडा ब्लेयर को जान से मारने की धमकियां मिलने लगीं। हालात इतने बिगड़ गए कि वार्नर ब्रदर्स को लिंडा के लिए छह महीने तक बॉडीगार्ड्स रखने पड़े।

### *इस वजह से भी 'शापित' कहलाती है ये फिल्म*

*फिल्म के साथ एक और डरावनी कहानी जुड़ी है। फिल्म में एक छोटे से सीन में रेडियोलॉजी टेक्नीशियन का किरदार निभाने वाले पॉल बेटसन को फिल्म रिलीज के 6 साल बाद हत्या के मामले में दोषी पाया गया। उसने एक फिल्म रिपोर्टर की हत्या कर दी थी। इसके बाद फिल्म को लेकर अफवाहें और तेज हो गईं कि द एग्जोरसिस्ट एक शापित फिल्म है। कई ऐसे किस्से भी सामने आए कि फिल्म से जुड़े लोग अजीब हादसों का शिकार हुए, जिससे इसकी शापित फिल्म वाली छवि और गहरी होती गई।*

## दो बीघा जमीन को मिला था पहला फिल्मफेयर अवार्ड, 1953 में हुई थी रिलीज

**नई दिल्ली।** आज हम आपको उस फिल्म के बारे में बता रहे हैं जिसने पहला फिल्मफेयर अवार्ड जीता। ये फिल्म साल 1953 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म का नाम है दो बीघा जमीन। दो बीघा जमीन को बिमल रॉय ने डायरेक्ट किया था। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई थी। आईएमडीबी के मुताबिक, इस फिल्म का बजट करीब 2 लाख था। वहीं, इस फिल्म ने 70 लाख की कमाई की थी। इस फिल्म में बलराज सहानी, निरुपा रॉय, रतन कुमार, जगदीप, मीना कुमारी और रामायण तिवारी जैसे कलाकार नजर आए थे। इस फिल्म को सलिल चौधरी, पॉल महिंद्रा और ऋषिकेश मुखर्जी ने लिखा था। इस फिल्म को बेस्ट फिल्म का पहला फिल्मफेयर अवार्ड मिला था। इस फिल्म ने कान फिल्म फेस्टिवल में इंटरनेशनल प्राइज भी जीता था। फिल्म के लिए बिमल रॉय को बेस्ट डारेक्टर का फिल्मफेयर अवार्ड मिला था। बिमल रॉय को नेशनल अवार्ड भी मिला था। दो बीघा जमीन की आईएमडीबी रेटिंग की बात करें तो इसकी रेटिंग 8.3 है। इस फिल्म को आप प्राइम वीडियो और यूट्यूब पर देख सकते हैं।



### बॉलीवुड में ऐसी धारणा है कि बिना मेल लीड एक्टर्स के नहीं चलती हैं फिल्में

## बिना हीरो के हिट हो गईं थीं ये 7 हिंदी फिल्में, कभी कहानी तो कभी एक्ट्रेस ने जीता दिल

***नई दिल्ली।*** *बॉलीवुड में ऐसी धारणा है कि बिना मेल लीड एक्टर्स के फिल्में नहीं चलती हैं। लेकिन, कुछ फिल्में ऐसी रही है जिन्होंने इस धारणा को तोड़ा है और बिना किसी लीड हीरो के फिल्म सुपरहिट रही है।*



**क्वीन** : कंगना रनौत की यह फिल्म उनकी एक्टिंग और दमदार स्क्रिप्ट के चलते हिट रही थी। फिल्म ने 100 करोड़ से ज्यादा की कमाई की थी। कहानी है एक ऐसी लड़की की जिसकी शादी हनीमून से पहले ही टूट जाती है और फिर वह अकेली ही यूरोप घूमकर आती है, इस दौरान उसे कई नए अहसास होते हैं और उसकी सोच बदल जाती है।




**राजी** : साल 2018 में आई इस फिल्म में आलिया भट्ट ने लीड रोल प्ले किया था। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 200 करोड़ से ज्यादा की कमाई की थी। कहानी एक ऐसी लड़की की है जो पाकिस्तान में इसलिए शादी करती है ताकि वहां रहकर अपने देश के लिए जासूसी कर सके।




**पिकु** : दीपिका पादुकोण की इस फिल्म में अमिताभ बच्चन और इरफान खान भी थे, लेकिन दीपिका के अपोजिट कोई लीड हीरो नहीं था, लेकिन फिर भी कहानी के दम पर यह फिल्म सुपरहिट रही।



**लिपस्टिक अंडर माय बुर्का** : रत्ना पाठक, कोंकणा सेन शर्मा और अहाना कुमरा जैसे सितारों से सजी यह फिल्म विवादों में रही थी, लेकिन रिलीज हुई तो इसे जनता ने खूब प्यार दिया। इस फिल्म में भी कोई लीड हीरो नहीं था।



**शेरनी** : फिर एक बार विद्या बालन ने साबित कर दिया कि वह अपने दम पर फिल्म हिट करा सकती हैं। फिल्म की कहानी एक फॉरेस्ट ऑफिसर की है जिसकी लड़ाई नैतिकता की है।



**कहानी** : विद्या बालन अकेली अपने दम पर फिल्म चला देने के लिए जानी जाती हैं। साल 2012 में आई उनकी फिल्म 'कहानी' में कोई लीड हीरो नहीं था, लेकिन यह फिल्म सुपरहिट रही थी। कहानी एक प्रेग्नेंट औरत की है, जो अपने पति की तलाश में कोलकाता आती है।



**तुम्हारी सुलु** : विद्या बालन ने इस फिल्म में लीड रोल प्ले किया था। कहानी है एक हाउसवाइफ की जो पहले टिफिन सप्लाई शुरू करती है, लेकिन फिर रेडियो जॉकी बन जाती है।



## खबर संक्षेप

### जिले में अब तक 4101.6 मिमी वर्षा

**जशपुरनगर।** जिले में 01 जून से अब तक 4101.06 मिमी वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 07 जुलाई तक की स्थिति में 2514.0 मिमी औसत वर्षा हुई है। बीते दिवस जिले में 163.0 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील जशपुर में 443.9 मिमी, मनोरा में 548.1 मिमी, कुनकुरी में 578.5 मिमी, दुलदुला में 265.4 मिमी, फरसाबहार में 352.1 मिमी, बगीचा में 420.4 मिमी, कांसाबेल में 407.2 मिमी, पत्थलगांव में 337.6 मिमी, सन्ना में 478.7 मिमी एवं बागबहार में 269.7 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा कुनकुरी में दर्ज की गई है।

### प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य योजना के लिए आवेदन आमंत्रित

**जशपुरनगर।** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के तहत 31 अगस्त तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए है। योजना के अन्तर्गत जशपुर जिले के लिए कुल 112 प्रकरण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार इस योजना के तहत चावल पर आधारित उद्योग, मिनी राईस मिल, आटा मिल, बेकरी उद्योग, नगकीन, मिक्चर, मुरमुरा, मुरकू, पोहा, मशाला, अचार, पापड़, बड़ी, बेसन मैदा, सूजी, तेल, हालर गिल, राईस मिल आदि एवं अन्य सभी प्रकार के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित की जा सकती है। योजना के तहत पात्र स्थायी परियोजना लागत का 35 प्रतिशत अधिकतम 10.00 लाख रुपए अनुदान दिए जाने का प्रावधान है।

### संविदा पदों के भर्ती हेतु पात्र-अपात्र सूची जारी

**जशपुरनगर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन व जिला स्वास्थ्य समिति के अन्तर्गत रिक्त संविदा पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया है। उक्त विज्ञापन अंतर्गत विभिन्न पदों पर भर्ती हेतु आवेदनों की स्क्रूटनी उपरांत पात्र-अपात्र सूची जिले की वेब साईट पद पर अपलोड की गयी है। सूची पर अभ्यर्थी अपना दावा-आपत्ति निर्धारित प्रारूप में 18 जुलाई 2025 साय 05.00 बजे तक कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी आवक शाखा में प्रस्तुत कर सकते हैं।

### चोरी का 3 टन कोयला जब्त, पुलिस की कार्रवाई

**सूरजपुर।** एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के सख्त निर्देश थाना-चौकी प्रभारियों को दिए है। इसी क्रम में शुक्रवार को चौकी बसदेई पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम बसदेई निवासी शत्रुधन चौधरी अपने घर के ऑटो खड़ा करने वाला गैराज में अवैध रूप से चोरी का पथर कोयला रखा है। सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर मौके से 3 टन कोयला बरामद किया। पुलिस ने शत्रुधन चौधरी से पूछताछ किया गया तो उसने बताया कि भास्करपारा ओपन कास्ट खदान से कोयला चोरी कर बिक्री करने हेतु लाकर घर में रखा था।
मामले में पुलिस ने लगभग 15 हजार कीमत के 3 टन कोयला को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 35(1-घ),303(2) के तहत अपराध दर्ज कर शत्रुधन चौधरी को गिरफ्तार किया है।
कार्रवाई में चौकी प्रभारी बसदेई योगेन्द्र जायसवाल व उनकी टीम सक्रिय रही।

### चोरी का 3 टन कोयला जब्त बसदेई पुलिस की कार्रवाई

**सूरजपुर।** एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के सख्त निर्देश थाना-चौकी प्रभारियों को दिए है। इसी क्रम में शुक्रवार को चौकी बसदेई पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम बसदेई निवासी शत्रुधन चौधरी अपने घर के ऑटो खड़ा करने वाला गैराज में अवैध रूप से चोरी का पथर कोयला रखा है। सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर मौके से 3 टन कोयला बरामद किया। पुलिस ने शत्रुधन चौधरी से पूछताछ किया गया तो उसने बताया कि भास्करपारा ओपन कास्ट खदान से कोयला चोरी कर बिक्री करने हेतु लाकर घर में रखा था। मामले में पुलिस ने लगभग 15 हजार कीमत के 3 टन कोयला को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 35(1-घ),303(2) के तहत अपराध दर्ज कर शत्रुधन चौधरी को गिरफ्तार किया है।

# श्री जगन्नाथ महाप्रभु जी का सुना वेष, देवशयनी एकादशी पर हुआ भव्य आयोजन

## कौशल्या साय हुईं शामिल, ओड़िया एवं नागपुरी भजन की धुनों पर झूमे श्रद्धालु





हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के दोकड़ा स्थित ऐतिहासिक श्री जगन्नाथ मंदिर में देवशयनी एकादशी के पावन अवसर पर भगवान श्री जगन्नाथ महाप्रभु जी का पारंपरिक सुना वेष बड़े ही श्रद्धा और भव्यता के साथ सजाया गया। इस शुभ दिन पर मंदिर शिखर में द्वीप प्रज्वलन की रस्म भी विधिवत रूप से संपन्न हुई, जो कि देवशयनी एकादशी के आध्यात्मिक महत्व को और गहराता है।

इस खास अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय विशेष रूप से शामिल हुईं। वे न केवल मंदिर में दर्शन हेतु पहुँचीं, बल्कि ओडिशा भजनों की संगीतमय प्रस्तुति पर झूमती भी नजर आईं। श्रद्धालुओं और उपस्थित जनसमुदाय ने उनका आत्मीयता से स्वागत किया। -

झारखंड, ओड़िसा के कलाकरों ने की भक्ति गीतों की प्रस्तुति कार्यक्रम में झारखंड और ओडिशा के प्रसिद्ध लोक कलाकारों द्वारा संगीतमय भक्ति प्रस्तुतियां दी गईं। जिन्होंने समूचे वातावरण को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। मंगल वाद्य, कीर्तन मंडलियों और संकीर्तन समूहों की प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। यह आयोजन श्री जगन्नाथ मंदिर समिति, दोकड़ा द्वारा पारंपरिक रीति-नीति और श्रद्धा के साथ संपन्न कराया गया।

### क्षेत्रीय संस्कृति, कला और अध्यात्म का संगम बना

आयोजन में स्थानीय नागरिकों सहित आसपास के ग्रामों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और प्रभु के दिव्य दर्शन का लाभ प्राप्त किया। समिति के ठाकुर पुरुषोत्तम सिंह ने बताया कि देवशयनी एकादशी से भगवान विष्णु के चार मासीय शयन काल की शुरुआत मानी जाती है, इस कारण यह दिन विशेष पुण्यदायक माना गया है। इस अवसर पर सुना वेष के दर्शन करना अत्यंत दुर्लभ और पुण्यफलदायी माना जाता है।

## गौमांस तस्करी पर पुलिस का अभियान

# प्रतिबंधित मांस के साथ आरोपी गिरफ्तार, स्कूटी जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के कांसाबेल थाना क्षेत्र में गौवंश मांस की तस्करी कर रहे एक व्यक्ति को पुलिस ने रंगे हाथों पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। ऑपरेशन शंखनाद के अंतर्गत की गई इस कार्यवाही में पुलिस ने 17 किलो प्रतिबंधित गौ मांस बरामद करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 5 जुलाई 2025 को कांसाबेल थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति सफेद रंग की स्कूटी क्रमांक सीजी 14 एमइ 5975 में गौ मांस भरकर उड़ीसा के बनडेगा क्षेत्र से लाकर बरजोर गांव की ओर बिक्री हेतु ले जा रहा है।सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह को अवगत कराया गया। उनके निर्देश पर कांसाबेल थाना प्रभारी उप निरीक्षक सुनील सिंह के नेतृत्व में ग्राम बरजोर में नाकेबंदी की गई। पुलिस टीम ने आने-जाने वाले सभी संदिग्ध वाहनों की सघन चेकिंग शुरू की। इसी दौरान एक सफेद रंग की स्कूटी तेज गति से आती दिखाई दी, जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर रोका। चालक से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम राजकुमार नायक, उम्र 40 वर्ष, निवासी ग्राम बेलटोली, थाना कांसाबेल बताया।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### आरोपी ने अपराध स्वीकारा

ओड़ीसा से ला रहा था मांस पुलिस पूछताछ में आरोपी राजकुमार नायक ने स्वीकार किया कि वह यह मांस उड़ीसा के बनडेगा क्षेत्र से अपने परिचितों के माध्यम से खरीद कर ला रहा था, जिसे वह कांसाबेल क्षेत्र में बेचने की फिराक में था। मामले में आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 5 और 10 के तहत कांसाबेल थाना में अपराध दर्ज किया गया है। पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। इस संपूर्ण कार्यवाही में थाना कांसाबेल के उप निरीक्षक सुनील सिंह, सहायक उप निरीक्षक राजेश यादव, आरक्षक सुरेश एक्का, तथा नगर सैनिक जोगिंदर यादव और अनिल कुमार की अहम भूमिका रही।

### तलाशी में मिला 17 किलो गौ मांस

स्कूटी की तलाशी लेने पर एक प्लास्टिक की बोरी में भरा हुआ 17 किलो मांस बरामद हुआ। शक के आधार पर मांस को जब्त कर पशु चिकित्सक से परीक्षण कराया गया, जिसमें यह स्पष्ट हुआ कि यह प्रतिबंधित गौवंश का मांस है।

### ऑपरेशन शंखनाद जारी रहेगा

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने प्रेस को जानकारी देते हुए कहा कि गौवंश से जुड़े अपराधों में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे तत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। ऑपरेशन शंखनाद आगे भी लगातार जारी रहेगा।



# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने सोमवार को जिला कार्यालय में आयोजित जनदर्शन में आम नागरिकों की समस्याएं सुनकर उनका निराकरण किया।

इस अवसर पर उन्होंने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का गंभीरतापूर्वक अवलोकन करते हुए सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों से चर्चा कर प्रकरणों को प्राथमिकता के साथ गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने प्राप्त आवेदनों का निराकरण की सूचना संबंधित व्यक्ति को अवश्य देने को कहा। जनदर्शन में कुल 42 आवेदन प्राप्त हुए। इसमें मुख्य रूप से शाला में प्रवेश, राजस्व संबंधी मामले, भूमि विवाद, सीमांकन, कब्जा हटवाने, टांसफार्मर लगवाने, महतारी वंदन, जल जीवन मिशन अंतर्गत नल लगवाने, आपदा क्षतिपूर्ति अंतर्गत मुआवजा प्राप्ति आदि समस्याओं के निराकरण संबंधित मामले सहित अन्य विभिन्न विषयों से संबंधित मांगें शामिल थीं।



तेज धार से बहता रेड़ नदी का पानी।

# बांध के पानी से रेड़ नदी व घुनघुट्टा नदी उफान पर, पेयजल आपूर्ति बाधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

जून माह और फिर जुलाई में क्षेत्र में हो रही झमाझम बारिश से नदी व तालाब उफान पर हैं। शनिवार की शाम से लगातार हो रही तेज बारिश के बाद रविवार को घुनघुट्टा डेम के पांच गेट को एहतियातन तौर पर खोलना पड़ा है। गेट खोलने के बाद रेड़ और घुनघुट्टा नदी पूरी तरह उफान पर आ गई है। रेड़ नदी के उफान पर आने के बाद ग्राम गोरखनाथपुर स्थित एसईसीएल के फिल्टर प्लांट में लगे हैवी मोटर और स्विच को डूबने से बचाने के लिए चैन पुली में बांध कर उन्हें ऊंचाई के लेवल में रखा गया है,जिस कारण एसईसीएल कॉलोनी के करीब बाइस सौ से अधिक आवासों में पेयजल आपुर्ति अभी ठप्प हो गई है।फिल्टर प्लांट के कर्मियों ने बताया कि नदी का जलस्तर कम होने के बाद मोटर को पूर्व स्थान रखने के बाद ही कॉलोनी में पेयजल आपूर्ति बहाल हो पाएगी।देर रात से हुई मूसलाधार बारिश के बाद लोग नदी का जलस्तर देखने बड़ी संख्या में रेड़ नदी पहुंचे थे।लगातार बारिश से ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के लिए बड़ी मुसीबत साबित हो रही है।बारिश में पक्के घरों में सीलन तो वहीं कच्चे घरों में रहने वालों के लिए मुसीबत का सबब बनी है।



### राजेश बने नपा परिषद के नेता प्रतिपक्ष

**सूरजपुर।** नगर पालिका परिषद में भाजपा ने राजेश साहू को नेता प्रतिपक्ष नियुक्त किया है। इस पद को लेकर पार्टी में महीनों से चर्चा चल रही थी। रविवार को भाजपा जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी ने उनके नाम की औपचारिक घोषणा की। राजेश साहू को यह जिम्मेदारी भाजपा के वरिष्ठ नेता भीमसेन अग्रवाल की अनुशंसा पर दी गई है। श्री साहू भाजपा के पुराने और सक्रिय कार्यकर्ता हैं, जो 4 बार के पार्षद रह चुके हैं। नगर पालिका के कामकाज का उन्हें अनुभव है और संगठन में भी उनकी मजबूत पकड़ मानी जाती है। नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद राजेश साहू ने भाजपा आलाकमान और जिला नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वे नगर की जनता की समस्याओं को मजबूती से उठाएंगे और विकास कार्यों में पारदर्शिता लाने के लिए लगातार प्रयास करेंगे। साथ ही विपक्ष की भूमिका को पूरी ताकत से निभाएंगे और जनता की आवाज बनकर नगर पालिका में काम करेंगे।



# आकाशीय बिजली से बचाव के लिए जिला प्रशासन ने जारी की महत्वपूर्ण सावधानियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

बरसात के मौसम में आकाशीय बिजली गिरने का खतरा बना रहता है। इससे बचाव के लिए कलेक्टर रोहित व्यास ने आम नागरिकों से सतर्क रहने और आवश्यक सावधानियां अपनाने की अपील की है। उन्होंने कहा बिजली एक शक्तिशाली प्राकृतिक घटना है,लेकिन यदि हम सतर्क और तैयार रहें तो जानमाल का नुकसान कम किया जा सकता है।

बिजली से बचाव के लिए जरूरी सावधानियां- जिला प्रशासन नेबताया,कि बिजली कड़कने पर तुरंत सुरक्षित जगह जाएं सबसे सुरक्षित जगह पक्का मकान होता है, अगर खुले में हैं और कहीं नहीं जा सकते, तो झुक कर बैठें (पैर साथ रखें), लेकिन ज़मीन पर सीधे नहीं लेटें, बिजली से चलने वाले उपकरण टीवी, कंप्यूटर, मोबाइल चार्जर आदि को तुरंत अनप्लग कर दें, पेड़ों और धातु की चीज़ों से दूर रहें, पेड़ के नीचे खड़े न हों बिजली अक्सर ऊंची चीजों पर गिरती है, बिजली के खंभों, तारों और लोहे के औजारों से दूर रहें, घरों में लाइटनिंग रॉड तड़ित चालक लगवाना एक वैज्ञानिक और सुरक्षित उपाय है। इसके साथ ही नजदीकी अस्पताल, आशा कार्यकर्ता और ग्राम पंचायत, तहसील अधिकारी का नंबर अपने पास रखें। भारतीय मौसम विभाग की चेतावनियां रेडियो, मोबाइल या दामिनी ऐप से प्राप्त करें। इसके अलावा 108 एम्बुलेंस से तत्काल संपर्क किया जा सकता है। जिला प्रशासन ने सतर्कता बरतते हेतु अपील की है कि जब तक बहुत जरूरी न हो खुले में मोबाइल का उपयोग न करें , खुले मैदान, तालाब या नदी के पास खड़े न रहें, बारिश के दौरान मोटरसाइकिल या साइकिल न चलाएं, बिजली बंद होने के 30 मिनट बाद तक बाहर न जाएं।

### सरकार द्वारा दी जाने वाली मुआवजा और राहत

बिजली गिरने से मृत्यु या चोट लगने पर आपदा राहत कोष से मुआवजा मिलता है। इसके लिए परिवार को तुरंत तहसील कार्यालय या ग्राम पंचायत को सूचित करना चाहिए।

### पीड़ित को दी जाने वाली प्राथमिक चिकित्सा

बिजली से झुलसे व्यक्ति को मृत न समझें कई बार सीपीआर देने से जान बच सकती है। पीड़ित को तत्काल नजदीकी अस्पताल या सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाएं। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि इस जानकारी को अपने गांव, स्कूल और घर में साझा करें थोड़ी सी जानकारी कई जिंदगियां बचा सकती है।

### कुनकुरी में 11 हजार की लूट

कुनकुरी कुनकुरी थाना क्षेत्र की एक नाबालिग लड़की ने 3 जुलाई को रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी ने उसे 26 जून की शाम 7:30 बजे एक स्थान पर मिलने के लिए बुलाया। आरोपी नकाब लगाकर मोटरसाइकिल से वहां पहुंचा और उसे अपने साथ थोड़ी दूरी पर ले गया। जब उसने नकाब हटाया, तो पीड़िता घबरा गई क्योंकि वह व्यक्ति उसकी प्रोफाइल तस्वीर से अलग था। लड़की के भागने पर आरोपी ने उसे पकड़कर उसका 11 हजार रु. कीमत का मोबाइल फोन लूट लिया और फरार हो गया।





# समर्थ आवासीय दिव्यांग प्रशिक्षण केन्द्र में न्योता भोज

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना न्योता भोजन के तहत 6 जुलाई 25 को समर्थ आवासीय दिव्यांग प्रशिक्षण केन्द्र में जिला जनसंपर्क अधिकारी नूतन सिदार ने अपने बेटे प्रखर कुमार के जन्म दिवस पर न्योता भोजन का आयोजन किया।

- बच्चों को खेल सामग्री, कापी, पेन, और उपहार सामग्री भेंट

उन्होंने बच्चों को खेल सामग्री,कापी, टिफिन बॉक्स,पानी बाटल बच्चों को भेंट किया। बच्चों ने उत्साह से न्योता भोजन का आनंद लिया। इस अवसर पर बच्चे,समाज कल्याण विभाग और शिक्षक शिक्षिकाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे। न्योता भोजन की अवधारणा एक सामुदायिक भागीदारी पर आधारित है। यह विभिन्न त्योहारों या अवसरों जन्मदिन, वर्षगांठ और राष्ट्रीय पर्व पर स्कूलों आश्रम छात्रावास के बच्चों के लिए न्योता भोजन करवाया जा सकता है।

## विभाग प्रमुखों को ई-आफिस संचालन के कार्यों को गंभीरता से करने के निर्देश

# कलेक्टर ने ली श्रम, वन, कौशल विकास व उद्योग विभाग की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास ने सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कौशल विकास विभाग, श्रम विभाग, वन विभाग, अन्त्यावसाई, उघोग विभाग की समीक्षा बैठक

- एक पेड़ मां के नाम पर वृहद स्तर पर पौधरोपण करने कहा गया
- मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत रोजगार की मांग के अनुसार युवाओं को प्रशिक्षण दें

लेकर विभागीय योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की।

उन्होंने मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत जिले के युवाओं को वर्तमान रोजगार की मांग के अनुसार विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने नर्सिंग सहायक, मशीन उपकरण से संबंधित प्रशिक्षण को भी शामिल करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने वन विभाग के अधिकारियों को मुख्यमंत्री के जशपुर प्रवास के दौरान हुए घोषणा को भी गंभीरता से क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए है। उन्होंने नीमगांव, तपकरा में स्नेक पार्क, मयाली पर्यावरण की दृष्टि से इको जोन के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। बरसात के मौसम को देखते हुए कलेक्टर ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण करने के भी निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने अन्त्यावसाई विभाग के अधिकारी से विभागीय योजनाओं के संबंध में जानकारी ली और जरूरतमंद लोगों को योजना का लाभ देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर प्रशांत कुशवाहा डिप्टी कलेक्टर विश्वास राव मस्के और अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर ने श्रम विभाग की योजनाओं की जानकारी लेते हुए पात्र हितग्राहियों का पंजीयन करके योजना का लाभ देने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को ई आफिस संचालन के सारी प्रक्रिया सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी विभागीय कार्य अब ई आफिस के माध्यम से ही संचालित होंगे जिन अधिकारियों ने ई आफिस की प्रक्रिया शुरू नहीं की है उन्हें जल्द शुरू करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण, अनुकम्पा नियुक्ति, नामिनेशन विभागीय जांच, निलंबन अधिकारियों और कर्मचारियों की जानकारी ली और प्रकरणों का निराकरण गंभीरता से करने के निर्देश दिए हैं।



विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक लेते कलेक्टर।

## खबर संक्षेप



### कलेक्टर ने ली पुस्तक वितरण की जानकारी

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने दानसरा के प्राथमिकए पूर्व माध्यमिक और हाईस्कूल तथा सारंगढ़ के अशोका पब्लिक स्कूल का आकस्मिक निरीक्षण कर वहां पाठ्यपुस्तक एवं गणवेश वितरण की स्थिति और मध्याह्न भोजन का जायजा लिया। कलेक्टर डॉ कन्नौजे के द्वारा हाईस्कूल दानसरा में कक्षा 9वी व 10वी के बच्चों को गणित और विज्ञान का प्रश्न पूछा गया। किसी भी बच्चों ने संतोषजनक जवाब नहीं दिया। इस मौके पर कलेक्टर डॉ कन्नौजे ने संबंधित विषय शिक्षकों को निर्देश दिए किए सभी बच्चों को फोकस कर पढ़ाए और पढ़ाए हुए विषय को रिवीजन कर अच्छे से पढ़ाएं। कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे के द्वारा अशोका पब्लिक स्कूल में आरटीई के तहत बच्चों के प्रवेश की स्थिति के साथ साथ उन बच्चों के पाठ्य पुस्तक और गणवेश वितरण की जानकारी लेकर पूरे स्कूल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान कलेक्टर ने शिक्षकों को पढ़ाई के साथ नैतिक मूल्यों व सड़क पार करते समय रखे जाने वाले सावधानियां, सुरक्षा की जानकारी दिए जाने के निर्देश दिए। स्कूलों के निरीक्षण के दौरान नरेश चौहान जिले के नोडल अधिकारी समग्र शिक्षा उपस्थित थे।

### प्रोजेक्ट उत्थान के तहत शिक्षा की ओर एक कदम

**रायगढ़।** ग्रामीण शिक्षा को सशक्त और सुलभ बनाने की दिशा में अदाणी पॉवर लिमिटेड, रायगढ़ की सीएसआर इकाई अदाणी फाउंडेशन द्वारा संचालित प्रोजेक्ट उत्थान के तहत एक प्रेरणादायक पहल की गई। रायगढ़ जिले के ग्राम बड़े भंडार स्थित शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में शाला प्रवेशोत्सव अभियान 2025 का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में नामांकित नए विद्यार्थियों को एजुकेशन किट प्रदान की गई, जिसमें स्कूल बैगए नोटबुक्स एवं स्टेशनरी सामग्री शामिल थी। यह किट बच्चों के शैक्षणिक जीवन की सशक्त शुरुआत का प्रतीक बनी। कार्यक्रम में शशधरा दास, चीफ बिजनेस ऑफिसरय अजीत राय, प्रोजेक्ट हेडय और धनंजय सिंहए जनरल मैनेजर भूमि की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही, ग्राम पंचायत बड़े भंडार के सरपंच ओमप्रकाश गुप्ता, उपसरपंच प्रतिनिधि घनश्याम यादव, शाला विकास समिति के अध्यक्षगण, पंचायत सदस्यगण, विद्यालय प्राचार्य एसएल सिदार, स्कूल प्रबंधन समिति के प्रतिनिधि एवं विद्यालय स्टाफ भी उपस्थित रहे।

### आज होगा जिंदल का प्लेसमेंट कैंप

**सारंगढ़।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था आईटीआई सारंगढ़ चंदई में 8 जुलाई को सुबह 11 बजे ओपी जिंदल कंपनी द्वारा प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस प्लेसमेंट में विद्युतकार, फिटर और वेल्डर में उत्तीर्ण और अंतिम वर्ष में अध्यनरत विद्यार्थी शामिल हो सकते हैं।

कमिश्नर के नेतृत्व में शहर को किया गया अतिक्रमण और गंदगी से मुक्त

# सर्जिकल स्ट्राइक : चखना सेंटर तोड़ा गांधीगंज से ओवरब्रिज तक हटाया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने की दिशा में रायगढ़ नगर निगम ने सोमवार को ऐतिहासिक और अभूतपूर्व अभियान चलाया। सुबह 6.30 बजे निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय स्वयं टीम के साथ फील्ड पर उतरे और बड़पारा, गंधरी पुल, गांधीगंज व संजय कंपलेक्स ओवरब्रिज क्षेत्र में एक के बाद एक ताबड़तोड़ कार्रवाइयों की झड़ी लगा दी।

इस पूरे अभियान में निगम ने न केवल अवैध कब्जों को ध्वस्त किया, ठेला टपरियों को हटाया बल्कि स्वच्छता और ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर भी बड़े और निर्णायक फैसले लिए। कमिश्नर की सक्रिय मौजूदगी ने पूरे शहर में एक संदेश दे दिया कि अब गंदगी और अतिक्रमण के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनानी होगी। सबसे पहले बड़पारा क्षेत्र में शराब भट्टी के समीप अतिक्रमण कर बनाए गए अवैध चखना सेंटर को जेसीबी से ध्वस्त किया गया। यह सेंटर न केवल नियम विरुद्ध था बल्कि सार्वजनिक स्थल को गंदा कर रहा था। साथ ही अवैध रूप से संचालित कई ठेले, टपरियां, दुकानें जब्त की गईं। नालों की सफाई, चौड़ीकरण और जल निकासी व्यवस्था को मजबूत करने का काम भी तुरंत किया गया।



### गांधीगंज में सफाई अभियान

कमिश्नर क्षत्रिय गांधीगंज पहुंचे और वहाँ खुद खड़े होकर मुनादी करवाई। पूरे गांधीगंज परिसर में फैले कचरे को गैंग और जेसीबी लगाकर साफ करवाया गया। दुकानदारों और व्यापारियों से सीधी बात करते हुए उन्हें निर्देशित किया गया कि कचरा निगम के वाहनों या स्वच्छता दीदियों को ही दें, कहीं और फेंके तो जुर्माना तय। नालों की सफाई के साथ साथ जलभराव से बचने के लिए वैकल्पिक इंतजाम करने का निर्देश इंजीनियरिंग टीम को दिया गया।

### ओवरब्रिज के नीचे ऑपरेशन क्लीन

ओवरब्रिज के नीचे वर्षों से चले आ रहे अतिक्रमण पर आज निगम का बुलडोजर चला। ठेला टपरी और दुकानें हटाई गईं, सामान जब्त किया गया। मुनादी कराई गई कि दोबारा अतिक्रमण पर सीधे जब्ती और जुर्माना लगेगा। यह क्षेत्र लगातार ट्रैफिक जाम और अव्यवस्था का शिकार था, आज की कार्रवाई से यहां साफ सुथरा और व्यवस्थित माहौल बना।

### भारी प्रशासनिक अमला रहा मौजूद

कार्रवाई के दौरान उपायुक्त सुतीक्षण यादव, कार्यपालन अभियंता अमरेश लोहिया, सहायक अभियंता अशोक सिंह, सूरज देवांगन, स्वास्थ्य अधिकारी शिव यादव, अतिक्रमण प्रभारी प्रदीप तिवारी, सफाई दरोगा अरविंद द्विवेदी समेत निगम का पूरा महकमा सक्रिय रूप से मौजूद रहा।

### आरपीएफ बैरक परिसर की सफाई

यहां वर्षों से पड़े कंडम वाहन और कबाड़ पानी जमा होने और मच्छरों के पनपने का कारण बने थे। कमिश्नर ने तत्काल सभी वाहन हटवाने और कबाड़ उठवाने के निर्देश दिए। नाली से बाधित जल निकासी को बहाल किया गया और दीवार तक तुड़वा दी गई।



### गांधीगंज में ट्रैफिक पुलिस की मोबाइल वैन से मुनादी

लंबे समय से खड़े कंडम वाहन, अव्यवस्थित पार्किंग और वाहनों द्वारा जगह कब्जा करने की समस्या को खत्म करने के लिए मुनादी कराई गई। साथ ही लोगों को चालानी कार्रवाई की चेतावनी दी गई।



## इस्कॉन रायगढ़ के सानिध्य में रथ यात्रा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में रथ यात्रा का इतिहास 140 साल से भी पुराना है। रायगढ़ के लगभग सभी बड़े मोहल्ले में रथ यात्रा विभिन्न दिनों में आयोजित की जाती है। लेकिन बीते 3 सालों से रायगढ़ में बाहुड़ा रथ यात्रा एक नए तरीके से आयोजित की जा रही है। जिसे देखने के लिए लोगों की भी सड़कों के किनारे जमा हो जाती है।

इसमें हरि नाम का कीर्तन करते हुए बच्चों से लेकर बूढ़े तक सभी रथ के आगे चलते रहे थे, कुछ वाद्य यंत्र बजाते हुए तो कुछ गाते हुए हरिराम का कीर्तन करते हुए रथ यात्रा को शोभा बढ़ा रहे थे। यह रथ यात्रा इस्कॉन प्रचार केंद्र रायगढ़ के सानिध्य में मालीडीपा, राधा विहार कॉलोनी, बोइरदादर स्थित विनोद महाराणा प्रभुजी के स्वयं सेवित जगन्नाथ जी एवं स्वयं से निर्मित रथ को उनके निवास स्थान से जगन्नाथ रथ यात्रा एवं बाहुड़ा रथ यात्रा महोत्सव का आयोजन पूरे हर्षोल्लास के साथ किया गया। विदित हो कि भक्त हरि नाम संकीर्तन और नृत्य के साथ महाप्रभु का स्वागत किया। यह महा महोत्सव गत 3 वर्षों से आयोजित किया जा रहा। इन 10 दिनों में श्री जगन्नाथ महाप्रभु के 10 अवतारों का श्रृंगार होता है, बाहुडा के बाद सुनावेश का दर्शन होता है। इस्कॉन प्रचार केंद्र रायगढ़ पिछले तीन वर्षों कार्यरत है।

### आध्यात्मिक विकास पर जोर

इस्कॉन प्रचार केंद्र रायगढ़ द्वारा लोगों के आध्यात्मिक विकास करने बल दिया जाता है। आजकल शहर में लोग जन्मदिन और अन्य आयोजन बाहर करने की अपेक्षा अपने यहां हरि नाम संकीर्तन इस्कॉन द्वारा आयोजित करवा रहे हैं। खुद इस्कॉन केंद्र में बच्चों और वयस्कों के लिए शिक्षा और संस्कार कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैंए जो उन्हें आध्यात्मिक और नैतिक मूल्यों से जोड़ते हैं। इस्कॉन प्रचार केंद्र सामुदायिक सेवा गतिविधियों में भी शामिल होता हैए जैसे कि भोजन वितरणए स्वास्थ्य शिविर और अन्य सामाजिक कार्यक्रम। इन गतिविधियों के माध्यम सेए इस्कॉन प्रचार केंद्र लोगों को कृष्ण भावनामृत के मार्ग पर चलने और आध्यात्मिक विकास करने में मदद करता है।

## जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आवेदकों ने सुनाई अपनी समस्या



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने कलेक्टर चेम्बर.प्रतीक्षा कक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में बारी.बारी से जिले के आवेदकों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में आज जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये आवेदकों ने अपनी समस्याओंए मांगों और शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर अक्षय डोसी तथा डिप्टी कलेक्टर श्रीमती रेखा चन्द्रा उपस्थित रही।

जनदर्शन में ग्राम डोंगीतराई के महेन्द्र पटेल आयुष्मान कार्ड में इलाज सुविधा दिलाने संबंधी आवेदन लेकर आए थे। उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी श्रीमती प्रेमलता पटेल को कैंसर की बीमारी है। पूर्व में आयुष्मान कार्ड से उसका कीमो निरूशुल्क में अपेक्स हॉस्पिटल रायगढ़ के द्वारा किया गया है। लेकिन वर्तमान में हॉस्पिटल संचालक द्वारा आयुष्मान कार्ड से सुविधा उपलब्ध नहीं कराने की बात कही जा रही है। उन्होंने इलाज सुविधा उपलब्ध कराये जाने हेतु निवेदन किया। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने सीएमएचओ को आवेदन पर शीघ्र कार्यवाही करते हुए संबंधित को ईलाज सहायता दिलाने के निर्देश दिए। इसी तरह ग्राम पंचायत संबलपुरी के किसान मुआवजा राशि दिलाए जाने संबंधी आवेदन लेकर आए थे। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत संबलपुरी में वर्ष 2019-20 में सड़क चौड़ीकरण कार्य किया गया थाए जिसमें प्रभावित किसानों का जमीन चौड़ीकरण में गया था। लेकिन सड़क चौड़ीकरण का मुआवजा राशि किसानों को आज पर्यन्त तक अप्राप्त है। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने संबंधित एसडीएम को मौका मुआयना करते हुए प्रकरण पर कार्यवाही के निर्देश दिए।

## जल जीवन मिशन के पूर्ण कार्य वेरीफाई कर पंचायतों को करें हैंडओवर : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने समय सीमा की बैठक लेकर विभागीय काम. काज की समीक्षा की। बैठक में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि कार्य की प्रगति धीमी है। इसे बढ़ाने की आवश्यकता है। इसके लिए विभागीय अधिकारी फील्ड पर काम की गति बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा इसमें से जो कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं, उसे सीईओ जनपदों को वेरिफाई करने के निर्देश दिए गए। जिसके पश्चात पंचायतों को इसे हैंड ओवर किया जाएगा।

इस बारे में कार्यपालन अभियंता पीएचई और सभी सीईओ जनपद पंचायतों को निर्देश दिए गए। इसके साथ ही अपूर्ण कार्यों को पूरा किए जाने के टाइमलाइन के बारे में विभागीय अधिकारियों से जानकारी ली गई। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि हर माह का लक्ष्य निर्धारित कर उसके अनुसार समीक्षा होगी। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने पीएम जनमन के तहत बिरहोर बाहुल्य ग्राम रुवाफूल और कुम्हीचुंवा में बनने वाले मल्टी पर्पस सेंटर के प्रगति के बारे में जानकारी लेते हुए कहा कि निर्माण कार्य जल्द पूरा किया जाना है। उन्होंने इसके लिए सहायक आयुक्त को निर्देशित किया। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने फार्मर रजिस्ट्री की प्रोगेस के बारे में भी बैठक के दौरान चर्चा की गई। इसमें ऐसे किसान जो धान खरीदी के लिए पंजीकृत हैं, किन्तु उनका एग्रीस्टेक में रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ है, उन्हें चिन्हांकित कर जल्द पंजीयन पूरा कराने कहा गया। सभी एसडीएम को उनके क्षेत्र के कृषि विभाग के अमले के माध्यम से शीघ्र सभी किसानों के रजिस्ट्रेशन कराने के निर्देश दिए गए। केसीसी निर्माण में प्रगति के बारे में विभागीय अधिकारियों से अपडेट लिया गया। कम प्रगति को देखते हुए सभी को प्रकरणों की संख्या में वृद्धि के निर्देश दिए गए। आयुष्मान वय वंदन योजना के तहत हितग्राहियों के कार्ड बनाए जाने की प्रगति की जानकारी स्वास्थ्य विभाग से ली गई। कुछ स्थानों में कार्ड निर्माण की गति धीमी होने पर कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने नाराजगी जताई और काम की स्पीड बढ़ाने के निर्देश दिए। विभाग सभी कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाए। बैठक में पौधरोपण की तैयारियों के संबंध में चर्चा की गई। उद्यानिकी विभाग और जनपद सीईओ को तैयारियों के अनुरूप पौधरोपण करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, सहायक कलेक्टर अक्षय डोसी,अपर कलेक्टर रवि राही, अपर कलेक्टर अपूर्व प्रियेश टोप्पो, अपर कलेक्टर डॉ प्रियंका वर्मा, आयुक्त नगर निगम बृजेश सिंह क्षत्रिय, संयुक्त कलेक्टर राकेश कुमार गोलछा, सहित समस्त विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



## सेंदूरस विद्यालय में किया गया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसींवा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेन्दूरस में विद्यालय प्रांगण एवं खेल मैदान में शाला प्रबंधक एवं विकास समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों के द्वारा शासन की महत्वपूर्ण योजना पौधरोपण कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय परिवार के द्वारा मिलजुलकर 50 पौधों का रोपण किया गया जिसमें विद्यालय का शाला विकास समिति अध्यक्ष रामदुलार साहू, महेंद्र कुमार यादव, मोहन साहू, सुनील केसरवानी, सुखदेव साहू, विद्यालय के प्राचार्य सी एच अनंत के साथ साथ विद्यालय के समस्त छात्र छात्राएं एवम शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहकर पौधरोपण में भाग लिए।



### जिले में 426.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 7 जुलाई तक 426.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 9.7 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 545.7 मिली मीटर, पुसौर में 487.8, खरसिया में 442, घरघोड़ा में 406.2, तमनार में 300.2, लैलूंगा में 380.7, मुकडेगा में 434, धरमजयगढ़ में 333.9, छाल में 437,6 एवं कापू में 500.5 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

## भारत माता स्कूल में मना स्थापना दिवस

**कटेली।** भारत माता इंटरनेशनल स्कूल सालर का स्थापना दिवस समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर निर्देशक हरीराम पटेल, दुर्गेश्वरी पटेल, घनश्याम पटेल, मीना पटेल, महेंद्र पटेल एवं समस्त पटेल परिवार की उपस्थिति रही। दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय में सर्वप्रथम प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के पालको को साल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान हरिराम पटेल एवं दुर्गेश्वरी पटेल के कर कमलो से प्रदान किया गया। हरिराम पटेल ने शिक्षा के महत्व बताते हुए कहा कि इच्छा केवल किताबी ज्ञान नहीं है बल्कि जीवन जीने की कला है शिक्षा ही वह दीपक है जो अहंकार में भी प्रकाश फैलता है शिक्षित समाज ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकता है।




वित्त मंत्री चौधरी की मौजूदगी में संपन्न हुआ कार्यक्रम

# कापू में तहसील कार्यालय, सांगुल नदी पर पुल का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने रायगढ़ जिले के कापू में 71 लाख रूपए की लागत से नवनिर्मित तहसील कार्यालय भवन और 7.96 करोड़ की लागत से समनिया से पत्थलगांव खुर्द के बीच सांगुल नदी पर बने उच्चस्तरीय पुल का लोकार्पण किया। वित्त मंत्री श्री चौधरी यहां आयोजित शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में भी शामिल हुए। सांसद रायगढ़ राधेश्याम राठिया भी इस दौरान साथ रहे।

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि नए तहसील ऑफिस भवन के बनने से कार्यालयीन कामकाज व्यवस्थित तरीके से हो सकेगा। क्षेत्रवासियों को इससे बड़ी सहूलियत होगी। समनिया पुल के बनने से अब बरसात के दिनों में आवागमन में राहत होगी। अंचल के करीब 20 हजार लोग लाभान्वित होंगे। इस दौरान उन्होंने तहसील कार्यालय भवन में बाउंड्रीवाल निर्माण और 50 रूपए की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण की घोषणा की। श्री चौधरी ने कहा कि रायगढ़ से धरमजयगढ़ और धरमजयगढ़ से कापू तक सड़क का निर्माण तेजी से पूरा करवाया गया है। जिससे लोगों को आवागमन में सुविधा हो। हम सुदूर अंचल के विकास के लिए संकल्पित होकर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कापू क्षेत्र में बेहतर कनेक्टिविटी के लिए विभिन्न सड़क निर्माण कार्यों को स्वीकृति दी जा रही है और बजट में भी शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि ससकोबा से पाराघाटी तक 2 करोड़ 72 लाख एवं सेमीपाली से क्रोन्धा तक 2 करोड़ 35 लाख की स्वीकृति दी गई है। तहसील कार्यालय के बाउण्ड्रीवाल के लिए इस्टीमेट बनाकर देने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसी तरह परसदा में पहुंच मार्ग तक निर्माण कार्य को जल्द स्वीकृति की बात कही। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि हम प्रदेश के चहुंमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं।

किसानों को धान का 31 सौ रूपए की दर से भुगतान, बकाया बोनस के 37 सौ करोड़ रूपये देने का काम किए। माताओं बहनों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए महतारी वंदन से हर माह 1 हजार रूपए की राशि जारी कर रहे हैं। पीएम आवास के काम तेजी से पूरे करवाए जा रहे हैं, जिससे लोग अपने पक्के मकानों में रहने का सपना पूरा कर सकें। शाला प्रवेशोत्सव में वित्त मंत्री श्री चौधरी ने स्कूली बच्चों को किताब और गणवेश का वितरण करते हुए नवीन सत्र की शुभकामनाएं दी।



### सुदूर अंचल में विकास कार्य से जनता को लाभ : सांसद

सांसद राधेश्याम राठिया ने कहा कि नवीन तहसील कार्यालय भवन बनने से यहां का काम बेहतर तरीके से संचालित हो सकेगा, वहीं समनिया पुल से उस इलाके के ग्रामवासियों को बारामासी आवागमन की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि सुदूर अंचलों में विकास कार्यों को लगातार आगे बढ़ाया जा रहा है। सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित की जा रही है।

### समनिया पुल से बारामासी आवागमन की सुविधा

समनिया में 7.96 करोड़ की लागत से सांगुल में उच्चस्तरीय पुल और पहुंच मार्ग के बन जाने से आसपास के ग्रामवासियों को तहसील मुख्यालय आने जाने में लगभग 12 किमी की दूरी कम लगेगी। पुल की लंबाई 120 मीटर है। वर्षा काल में यह मार्ग पूर्णरूप से बंद हो जाता था। पुल के बन जाने से आसपास के करीब 20 हजार ग्रामवासियों को बारामासी आवागमन की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी।

